हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 9 मई 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 जंगल जलने की घटनाओं से नेशनल पार्क एवं अभयारण्य क्षेत्र भी नहीं हैं सुरक्षित



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (2 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (2 years)
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

## खबर संक्षेप

### करेंट की चपेट में आकर महिला की मौत

**बिश्रामपुर।** मंगलवार की दोपहर बाद आए तेज आंधी तूफान ने क्षेत्र में जमकर तबाही मचाई है।आंधी तूफान से आम की फसल को काफी नुकसान पहुँचा है।साथ ही कई जगहों पर पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है जिसे सुधारने में बिजली कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।ग्राम गेतरा कॉलोनी के समीप खेत मे गिरे बिजली प्रवाहित तार के संपर्क में आकर पचास वर्षीय महिला सोना बाई पति सुखराम रजवार की मौत हो गई।बताया गया कि आंधी तूफान थमने के बाद शाम छह बजे के करीब महिला खेत की ओर गई थी कि तरंगित तार के संपर्क में आ गई।हो हल्ला व हंगामा होने के बाद उसे करेंट के सम्पर्क से हटाकर केंद्रीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।एम्बुलेंस चालक की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जांच के लिए केस डायरी कोतवाली भेजी जा रही है।

### कुंए में गिरकर महिला की मौत, मर्ग कायम

**अंबिकापुर।** ग्राम सनावल में कुंए में गिरने से महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के सनावल अंतर्गत रहने वाली शगुनी देवी मंगलवार की शाम घर के बाड़ी में मौजूद लगभग 30 फीट गहरे कुंए में गिर गया थी। महिला के गायब होने पर परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे लेकिन उसका पता नहीं चल सका। आज सुबह परिजन की नजर कुंए में गई तो वहां महिला की लाश थी। ऐसे में परिजन ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

### चुनाव के दिन शराब बिक्री करते हुए युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रतिबंध के बाद भी चुनाव के दिन नमनाकला में एक युवक बाइक से भारी मात्रा में महुआ शराब लेकर ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने नमनाकला शनि मंदिर के पास घेराबंदी कर बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएल 0989 को रोककर युवक के पास से दो कार्टून में रखा 20 लीटर शराब जब्त किया है। पुलिस ने मामले में मणीपुर थाना अंतर्गत लक्ष्मीपुर बंजारी निवासी 24 वर्षीय आशीष मिंज को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही बाइक जब्त किया है।

## पंजीकृत 1819347 में से 1453444 ने डाला वोट

# सरगुजा लोकसभा में बंपर वोटिंग, 79.89 प्रतिशत लोगों ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- मतदान प्रतिशत में भी दर्ज की गई वृद्धि

लोकसभा चुनाव में इस बार सरगुजा संसदीय सीट पर हुए मतदान ने विगत वर्ष के रिकार्ड को तोड़ दिया है। आम चुनाव में लोगों ने उत्साह के साथ मतदान किया और इसका परिणाम है कि सरगुजा लोकसभा के मतदान प्रतिशत में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चुनाव में इस बार कुल 18 लाख 19 हजार 347 पंजीकृत मतदाताओं में से 14 लाख 53 हजार 444 लोगों ने मतदान किया है और मतदान का प्रतिशत 79.89 रहा। इसमें भी लुंड्रा विधानसभा में सर्वाधिक 84.4 फीसदी मतदान हुआ है जबकि सबसे कम 75.20 प्रतिशत मतदान अंबिकापुर विधानसभा में हुआ है। मतदान उपरान्त सभी जिला मुख्यालयों में बनाए गए स्ट्रांग रूम में जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में ईवीएम मशीनों को सील कर दिया गया है।

बता दें कि सरगुजा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सरगुजा, सूरजपुर व बलरामपुर जिले की आठ विधानसभा सीटों पर मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराया गया। तीनों जिलों में बनाए गए 2197 पोलिंग बूथ में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान कहीं से भी किसी प्रकार के विवाद की जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। दिनभर चले मतदान के बाद शाम से मतदान दलों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया गया था जो देर रात तक जारी रहा। मतदान दलों को सीआरपीएफ जवानों व पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम परिसर तक लाया गया जहां उन्होंने अपने मतदान सामग्री को जमा किया। मतदान समाप्त होने के बाद शाम पांच बजे तक की स्थिति में सरगुजा लोकसभा में 74.17 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था जो मतदान समाप्ति के उपरान्त बढ़कर 79.89 प्रतिशत हो गया है। सरगुजा लोकसभा में कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 18 लाख 19 हजार 347 थी और देर शाम तक चले मतदान के दौरान कुल 14 लाख 53 हजार 444 लोगों ने मताधिकार का उपयोग किया है। इनमें 7 लाख 29 हजार 853 पुरुष व 7 लाख 23 हजार 574 महिला मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। सरगुजा में कुल 34 थर्ड जेंडर मतदाता भी पंजीकृत थे जिनमें से 17 ने मतदान किया है। इस तरह सरगुजा में 80.65 प्रतिशत पुरुष, 79.13 प्रतिशत महिला व 50 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मतदान किया है।



स्ट्रांग रूम के बाहर सामग्री जमा करने अपनी बारी का इंतजार करते मतदानकर्मी।

### दस वर्षों में बढ़ा 2.5 प्रतिशत मतदान

लोकसभा चुनाव में इस बार कुल 79.89 प्रतिशत मतदान हुआ है जबकि पिछले दस वर्षों के आंकड़ों पर नजर डाले तो मतदाताओं की संख्या बढ़ने के साथ ही मतदान प्रतिशत में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि विगत वर्ष की तुलना में हुई है। जिला निर्वाचन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कुल 15 लाख 23 हजार 22 मतदाता दर्ज थे जिनमें से 11 लाख 87 हजार 305 मतदाताओं ने चुनाव के दौरान मतदान किया। इसमें 610812 पुरुष एवं 576493 महिला मतदाता शामिल रहे। मतदान का प्रतिशत 77.96 प्रतिशत दर्ज किया गया। इसी तरह लोकसभा निर्वाचन 2019 में संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 16 लाख 53 हजार 822 रही, जिसमें से 12 लाख 78 हजार 321 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें 6 लाख 48 हजार 556 पुरुष मतदाता, 6 लाख 29 हजार 758 महिला मतदाता और 7 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल रहे। इस निर्वाचन में सरगुजा लोकसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 77.29 प्रतिशत दर्ज किया गया।

#### अंबिकापुर विधानसभा में सबसे कम मतदान

लोकसभा चुनाव में सरगुजा जिले में इस बार कुल 79.23 प्रतिशत मतदान हुआ है जबकि वर्ष 2019 के चुनाव में जिले में कुल 77.45 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। ऐसे में सरगुजा जिले में मतदान के प्रतिशत में वृद्धि हुई है। पिछली बार लोकसभा चुनाव में सरगुजा जिले में 6 लाख 5 हजार 477 मतदाताओं में से 4 लाख 68 हजार 923 मतदाताओं से मतदान किया जिसमें 2 लाख 34 हजार 888 पुरुष मतदाता, 2 लाख 34 हजार 29 महिला मतदाता और 6 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल रहे। वहीं लोकसभा 2024 में जिले में 6 लाख 56 हजार 404 मतदाताओं में से 5 लाख 20 हजार 84 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 2 लाख 59 हजार 527 पुरुष मतदाता, 2 लाख 60 हजार 548 महिला मतदाता और 9 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल रहे। जिले के लुंड्रा विधानसभा में सर्वाधिक 84.04 मतदान दर्ज किया गया जबकि सीतापुर विधानसभा में 79.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है लेकिन अंबिकापुर विधानसभा में सबसे कम 75.20 प्रतिशत हीं मतदान हुआ है।

#### बलरामपुर जिले में तीन प्रतिशत की वृद्धि

लोकसभा चुनाव में सरगुजा के साथ ही बलरामपुर जिले में भी मतदान में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लोकसभा चुनाव में इस बार बलरामपुर जिले में कुल 5 लाख 64 हजार 386 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 4 लाख 55 हजार 827 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिले के मतदान का प्रतिशत 80.77 रहा। विधानसभा वार आंकड़ों पर नजर डालें तो विधानसभा प्रतापपुर के 144 मतदान केन्द्र में डाले गये मतों का प्रतिशत 79.97, विधानसभा रामानुजगंज में 80.40 प्रतिशत तथा विधानसभा सामरी में कुल 81.57 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं लोकसभा निर्वाचन 2019 में जिले में मतदान का प्रतिशत 77.75 था ऐसे में 2019 की तुलना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में कुल 3 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। जिलेवार आंकड़ों के अनुसार रामानुजगंज व सामरी विधानसभा में कुल 1 लाख 79 हजार 713 पुरुष, 1 लाख 78 हजार 350 महिला व 5 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया है।

### स्ट्रांग रूम में सील की गई मशीनें



लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद सभी ईवीएम व वीवी पैट मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। सरगुजा जिले में पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर, एसपी विजय अग्रवाल, उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित सम्बंधित अधिकारियों की मौजूदगी में मशीनों को विधानसभा वार सील किया गया। इसी तरह बलरामपुर जिले में भेलवाडीह स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में बनाये गए स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम मशीनों को विधानसभा वार सील कर दिया गया है। वहीं सूरजपुर जिले में आईटीआई पर्री में बनाए गए स्ट्रांग रूम में मशीनों को विधानसभा वार सील किया गया है। इस दौरान जिले के आला अधिकारी व राजनैतिक दल मौजूद थे। मशीनें अब 4 जून को मतगणना के दिन निकाली जाएंगी। इस दौरान स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है।

#### मतदान दलों का पुष्प गुच्छ व माला से स्वागत



लोकसभा चुनाव के सम्पन्न होने के बाद मतदान दलों के लौटने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। सरगुजा जिले में लुंड्रा से प्राथमिक शाला रामनगर 31 के मतदान दल ने सबसे पहले पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में वापसी की जबकि संगवारी मतदान दलों में अंबिकापुर विधानसभा के लखनपुर विकासखण्ड के भरतपुर मतदान केंद्र क्रमांक 192 के संगवारी मतदान दल ने पहले वापसी की। प्रशासनिक टीम द्वारा सभी का स्वागत किया गया। वहीं मतदान दल भोर तक अपना सामान जमा कराते रहे। इसी तरह बलरामपुर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी आर एक्का, जिपं सीईओ श्रीमती रेना जमील द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में मतदान दलों का अभिनंदन किया गया। जिले के दूरस्थ क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 124-चुनचुना एवं 125-पुंदाग में मतदान कराने गए दलों की वापसी पर कलेक्टर एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने ने फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया और उनको सफलतापूर्वक मतदान कराने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खास बात यह है कि बलरामपुर जिले में मतदान को लेकर बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान कलेक्टर व एसपी के नेतृत्व में चलाया गया।

### सूरजपुर जिले के प्रतापपुर में सर्वाधिक वोटिंग

लोकसभा चुनाव में सूरजपुर जिले में सर्वाधिक मतदान प्रतापपुर विधानसभा में किया गया है। सूरजपुर जिले में 5 लाख 93 हजार 255 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें 2 लाख 95 हजार 373 पुरुष, 2 लाख 97 हजार 882 महिला मतदाता व 5 अन्य मतदाता शामिल है। चुनाव में 2 लाख 90 हजार 613 पुरुष, 2 लाख 84 हजार 66 महिला व 3 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया है। चुनाव में सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विधानसभा में सर्वाधिक 80.98 प्रतिशत मतदान हुआ है जबकि प्रेमनगर में सबसे कम 78.71 प्रतिशत व भटगांव विधानसभा में 79.78 प्रतिशत मतदान हुआ है।

# जवान के लिए सरगुजा पुलिस ने बनाया 16 किमी का ग्रीन कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मल्टी ऑर्गन फेलियर, किया गया एयरलिफ्ट



आसाम से चुनाव ड्यूटी करने आए जवान को मल्टी ऑर्गन फेलियर की शिकायत पर एयरलिफ्ट किया गया। जवान को एयरलिफ्ट करने के लिए सरगुजा पुलिस द्वारा लगभग 16 किमी का ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया जिसके उसे एयर एम्बुलेंस से रायपुर भेजा गया। फिलहाल जवान देर शाम रायपुर पहुंच चुका है। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि आसाम के गोलाघाट अंतर्गत ग्राम सरूपाथर निवासी मनोज गोगोई आसाम का जवान है। मनोज गोगोई अपनी कम्पनी के साथ लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए कंपनी के साथ सरगुजा आया हुआ था। दो दिनों पहले उसकी तबीयत खराब होने पर संजीवनी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया था जहां ब्रेन फीवर की बात सामने आई थी। जवाब को ब्रेन फीवर के साथ मल्टी ऑर्गन फेलियर की शिकायत आ रही थी ऐसे में डॉक्टरों द्वारा जवान को रायपुर शिफ्ट किया गया। जवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एयरलिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। रायपुर से एयर एम्बुलेंस बुलाया गया इसके साथ ही एसपी विजय अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जवान के लिए अस्पताल से लेकर दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया और जवान को शाम 4.30 बजे एयरपोर्ट से एयर एम्बुलेंस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। शाम साढ़े सात बजे तक जवान रायपुर के हॉस्पिटल पहुंच गया था।

# ईवीएम में कैद हुआ दस प्रत्याशियों का भाग्य, 4 जून को आएगा फैसला

- भाजपा व कांग्रेस बिठा रहे अपना अपना समीकरण, कर रहे जीत का दावा





**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव के तहत सरगुजा संसदीय सीट के लिए मंगलवार को मतदान सम्पन्न हो गया है। मतदान पूर्ण होने के बाद मतदान दलों के लौटने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा और अब सरगुजा के सभी 10 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो चुका है। मतदान दलों के वापस लौटने के बाद ईवीएम को सीआरपीएफ जवानों की कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। अब सभी की निगाहें 4 जून को होने वाली मतगणना पर टिकी है लेकिन तब तक के लिए प्रत्याशियों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। इस बीच संभावनाओं और समीकरणों को लेकर समीक्षा का दौर शुरू हो गया है। बता दें कि सरगुजा संसदीय सीट के लिए मंगलवार को सरगुजा, सूरजपुर व बलरामपुर जिले में मतदान हुए है। इस बार लोकसभा सीट से सरगुजा में कुल 10 प्रत्याशी मैदान में थे। कांग्रेस की ओर से जहां एक ओर गोंड समाज से आने वाली शशि सिंह थी तो वहीं भाजपा की ओर से कंवर समाज से आने वाले चिंतामणी महाराज मैदान में थे। चुनाव में भाजपा कांग्रेस के अलावा बसपा, गोंगपा, स्थानीय पार्टियों के साथ ही निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में थे लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस की प्रत्याशी शशि सिंह व भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के बीच ही था। चुनाव में दोनों ही पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। खास बात यह है इस बार के चुनाव में विगत वर्षों की तुलना अधिक मतदान हुआ है। भीषण गर्मी के बाद भी दिन के समय बड़ी संख्या में मतदाता बाहर निकले जबकि दूसरे पहर में मौसम सुहाना होने के बाद फिर से मतदान में तेजी आई। लोकसभा चुनाव में हुए बम्पर मतदान को लेकर दोनों ही राजनैतिक दल अपना अपना समीकरण बिठा रहे है और हार जीत को लेकर दावा कर रहे है ऐसे में देखना होगा कि 4 जून को विजेता का ताज किसके सिर पर सजता है।

#### जातिगत समीकरण की भी हो रही समीक्षा

सरगुजा लोकसभा में 18 लाख 19 हजार 347 मतदाता है और इनमें से 14 लाख 53 हजार 444 मतदाताओं ने मतदान किया है। जातिगत समीकरण की बात की जाए तो सरगुजा में कांग्रेस ने गोंड समाज का प्रत्याशी मैदान में उतारा जबकि भाजपा ने कंवर समाज का प्रत्याशी दिया। बताया जा रहा है कि सरगुजा लोकसभा में लगभग 6 लाख 30 हजार गोंड मतदाता है जबकि कंवर मतदाताओं की संख्या लगभग 2.50 लाख है। गोंड समाज के सर्वाधिक मतदाता प्रेमनगर, प्रतापपुर क्षेत्र में है जबकि चांदनी बिहारपुर, रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में भी इनकी संख्या अधिक है। इसी तरह मुस्लिम समाज के लगभग 1 लाख 45 हजार मतदाता है जबकि उरांव समाज के लगभग 4.50 लाख मतदाता है। इनमें 3 लाख के करीब क्रिश्चियन समाज के वोटर है।

## पति ने गला दबाकर उतारा मौत के घाट, पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

# दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग होने का शक करना पत्नी को पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग होने का शक करने पर युवक ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी ने पत्नी के नाक व मुंह को दुपट्टे से दबा दिया और जब वह पलंग से नीचे गिरकर बेहोश हो गई तो उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए नव विवाहिता के पेट व सीने में दर्द होने का बहाना बनाकर परिजन को सूचना दे दी। इधर घटना के बाद आक्रोशित परिजन ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर झिलमिली थाने के बाहर जमकर हंगामा किया जिसके बाद पुलिस ने देर रात आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि देवनगर निवासी 22 वर्षीया नसीबुन निशा का विवाह चार वर्ष पूर्व भैयाथान झिलमिली थाना अंतर्गत करौंदामुड़ा निवासी मुजीबुर रहमान से हुआ था। शादी के बाद युवती अपने ससुराल में रहती थी लेकिन 7 मई को युवक ने पुलिस को सूचना की थी 6 मई की रात 2 बजे नसीबुन निशा के पेट व सीने में दर्द होने पर उसे उपचार के लिए बैकुंठपुर अस्पताल लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही थी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मृतिका की मां व परिजन ने युवती की हत्या का आरोप लगाया और आरोपी पति के गिरफ्तारी की मांग की। परिजन का आरोप था कि ससुराल पक्ष द्वारा उसे लगातार प्रताड़ति किया जा रहा था और पति मुजीबुर रहमान दूसरी शादी करने की बात कह रहा था। ऐसे में परिजन ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी सूरजपुर एमआर आहिरे के निर्देश पर एएसपी संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के नेतृत्व में ⏭ शेष पेज 4 पर

## मतदान कर्मियों ने नाबालिग चोर को किया पुलिस के हवाले, 3 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर में लगातार चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात भी चोरों द्वारा चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया जा रहा था। गनीमत था कि समय रहते मतदान कर्मी मौके पर पहुंच गए जिससे दुकान में चोरी की घटना टल गई। मतदान कर्मियों ने एक नाबालिग को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया वहीं 3 लोग भागने में सफल हो गए। जानकारी के अनुसार बीती रात मतदान करा कर वापस आ रहे मतदान कर्मी शिक्षक आलोक केसरी, अजीत गुप्ता आशीष गुप्ता एवं पुलिसकर्मी मायापति वाहन से स्टेट बैंक रोड होकर बस स्टैंड जा रहे थे इसी दौरान देर रात मोबाइल दुकान का शटर उठा हुआ दिखा। मतदान कर्मियों दुकान से लगभग 100 मीटर आगे चल गए थे। फिर चोरी करने की आंशका पर गाड़ी मोड़ कर जब दुकान के नजदीक पहुंचे तो दुकान में चोरी करने दाखिल हुए लोग भागने लगे। मध्य रात्रि में ही स्टेट बैंक के रोड के बगल निवासी भाजपा नेता शैलेश गुप्ता एवं आशीष टेलीकॉम के संचालक अमित गुप्ता, लल्लु गुप्ता, रोहित गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए थे और देखते-देखते अन्य दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए और नाबालिग को पकड़ लिया। जबकि घटना में शामिल तीन लोग भाग निकले।

### मतदान करने जा रहे बाइक सवार युवक को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर

बाइक से मतदान करने जा रहे युवक को विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जोरी निवासी रिकेश कुमार यादव गत दिन बाइक क्रमांक सीजी 15 डीके 0797 से अंबिकापुर से बिरियों होते हुए मतदान करने जोरी जा रहा था। जैसे ही युवक मसगा व अमड़ी के बीच पहुंचा तभी धौरपुर की ओर से आ रहे स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 15 बी 4776 का चालक ग्राम दुंदु निवासी दीपक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक घायल हो गया।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने घर के सामने व बाजार से पार किया दो बाइक

**अम्बिकापुर।** शहर में बाइक चोर सक्रिय हो गए है। गत दिन चोरों ने गांधीनगर क्षेत्र स्थित घर के सामने से आबकारी आरक्षक की जबकि कोतवाली क्षेत्र गुदरी बाजार से युवक बाइक को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। नमनाकला किसान राइस मिल समीप निवासी द्वारिका प्रसाद गुप्ता आ. स्व. राम प्रसाद गुप्ता आबकारी वृत लखनपुर में आबकारी आरक्षक के पद पर पदस्थ है। गत दिन दोपहर बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 6715 को घर के सामने खड़ा कर रात में निजी काम से चलगली चला गया। दूसरे दिन घर लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। इसी बीच पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि रात 8 बजे अज्ञात व्यक्ति बाइक ले जाते नजर आया। आबकारी आरक्षक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। दूसरी घटना में नवागढ़ निवासी सद्दाम अंसारी आ. इस्लाम (29 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 6746 से खरीदारी करने गुदरी बाजार आया था। युवक बाइक को खड़ा कर सब्जी लेने चला गया और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई।

### कार रोकने पर बाइक सवार ने की युवकों की पिटाई

**अम्बिकापुर।** एमजी रोड स्थित होटल में ओम सिंह आ. काशी नाथ सिंह गत दिन अपने दोस्त श्रीकांत अग्रवाल व सूरज सोनकर के साथ भोजन करने गए थे। भोजन कर तीनों कार क्रमांक सीजी 16 सीपी 4500 से लौटने लगे। जैसे ही कार सवार किसान राइस मिल मोड़ के समीप पहुंचे तो जाम होने से कार को रोक दिया। इसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक सवार रितिक सोनी ने कार रोकने पर गाली-गलौज करने लगा। जब युवकों ने मना किया तो मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना की रिपोर्ट ओम सिंह ने गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं (पुराना नाम) मोहम्मद खुर्शीद आलम अंसारी पिता मोहम्मद हुसैन अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम खुर्शीद आलम अंसारी पिता मो. हुसैन अंसारी, निवासी वार्ड नं.11, बी/119, जरही बस्ती एस.ई.सी.एल. भटगांव नगर पंचायत जरही जिला सूरजपुर छ.ग. 497235 रख लिया हूं, अतः मुझे भविष्य में समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम खुर्शीद आलम अंसारी/Khursid Alam Ansari पिता मो. हुसैन अंसारी/Md.Hussain Ansari से जाना एवं पहचाना जाये।**

**जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।**

**भवदीय**
**खुर्शीद आलम अंसारी**
**आ. मो. हुसैन अंसारी**
**निवासी-वार्ड नं.11, बी/119, जरही बस्ती एस.ई.सी.एल. भटगांव नगर पंचायत जरही जिला सूरजपुर छ.ग.**
**मो.नं. 09424250212**


## ग्राम पंचायत देवीगंज के बीचपारा में लगाया गया है प्लांट

# डामर प्लांट ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी, उड़ रही डस्ट से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम पंचायत देवीगंज के ग्रामीणों के लिए डामर प्लांट अब परेशानी का सबब बन गया है। आलम यह है कि प्लांट से उड़ने वाले डस्ट से अब लोगों के स्वास्थ्य पर ही विपरीत असर पड़ने लगा है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने डामर प्लांट से हो रही परेशानी से प्रशासन को अवगत नहीं कराया। बावजूद इसके आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। ऐसे में अब लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने डामर प्लांट से उड़ रहे डस्ट से हो रही परेशानी को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**खास बात**
- ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत, हटाने मांग

विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत देवीगंज के बीचपारा के ग्रामीणों ने बताया कि करीब 5 माह पूर्व यहां पर डामर प्लांट लगाया गया है जो गांव के बीच पर बस्ती में लगा है। हैरानी की बात है कि जहां पर डामर प्लांट लगाया गया है उसके आसपास जिरहापारा प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र एवं बीचपारा प्राथमिक शाला, बीचपारा माध्यमिक विद्यालय, बीच पारा आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित है। डामर प्लांट लगने से न सिर्फ बच्चों के लिए भी परेशानी का सबब बन गया बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी इसका विपरीत असर पड़ने लगा है। क्षेत्र के बच्चे जहां बीमार पड़ रहे वहीं आसपास के लोगों का रहना मुहाल हो गया है। स्थिति ऐसी हो गई है कि आसपास के लोगों को भोजन बनाना भी मुश्किल हो गया है। डामर प्लांट से उड़ रही डस्ट से की ग्रामीण श्वास की बीमारी से पीड़ित हो रहे है। डामर प्लांट से त्रस्त ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम से की और कार्यवाही की मांग की है।



विरोध करते ग्रामीण।

**पेयजल दूषित, खेती बर्बाद**

डामर प्लांट लगने के बाद से क्षेत्र के वातावरण पर इसका प्रभाव पड़ा है। प्लांट से उड़ रहे धूल से आसपास के सभी कुआं का दूषित हो गया है। जबकि गेहूं रहड़, लोटनी की फसल भी बर्बाद हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि डामर प्लांट के कारण खेती भी नहीं कर पा रहे हैं।

**डस्ट से लोग परेशान**

डामर प्लांट से उड़ रहे डस्ट से लोग किस प्रकार से परेशान है इसका अंदाजा इस बात से ही समझा जा सकता है कि अब महिलाएं गांव के बजाय मायके में रहना मुनासिब समझती है। डामर प्लांट के नजदीक रहने वाली चंदेश्वर की पत्नी ममता देवी का डामर प्लांट से उड़ने वाले डस्ट के कारण तबीयत खराब हो गया जिससे वह परेशान होकर मायके जाने को मजबूर हो गई।

**नहीं लिया अनापत्ति प्रमाण पत्र**

डामर प्लांट लगाने से पूर्व संचालक द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना चाहिए था परंतु डामर प्लांट लगाने के लिए पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है। क्षेत्र के ग्रामीण प्रदूषण से परेशान है।

-सत्यनारायण गुप्ता
सचिव ग्राम पंचायत देवीगंज

**की जाएगी कार्रवाई**

गांव के बीच डामर प्लांट लगाया गया है तो इसकी जानकारी नहीं है। डामर प्लांट के संबंध में जांच कराने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

-देवेंद्र प्रधान, एसडीएम

# मार्केट से 5, 10 व 20 रुपए के सिक्के व नोट गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों फुटकर की समस्या से व्यापारी व आम लोग जूझ रहे हैं। 10,20 रुपए के नोट व सिक्कों के सिक्कों का अभाव के कारण जहां व्यापारियों को लेनदेन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इधर ग्राहकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतापपुर क्षेत्र में जहां सभी बैंक है बावजूद इसके 5,10 व 20 का नोट व सिक्का कहां गए इसका पता नहीं चला। आलम यह है कि अब 5, 10 व 20 के नोट व सिक्का देखने तक को नहीं मिल रहा हैं। मार्केट में हो या बाजार में सभी जगह चिल्लर की किल्लत से व्यापारी काफी दुखी है और उन्हें लेनदेन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि अब चिल्लर की कमी के वजह से दुकानदार और ग्राहकों में नोंकझोंक आए दिन होता है। फुटकर न रहने के कारण लोगों जबरन कुछ न कुछ सामान लेना पड़ता है। नगर के व्यापारी संगठन के व्यवसायी राजेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, कंचन सोनी, नरेंद्र गर्ग, प्रेमपाल अग्रवाल ने शासन प्रशासन सहित बैंक प्रबंधन से प्रतापपुर क्षेत्र में सिक्का की कमी को दूर करने की मांग की है।

- फुटकर की समस्या से जूझ रहे व्यापारी

### सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** चलगली थाना अंतर्गत ग्राम कर्री निवासी विशेन सिंह आ. लाल बहादुर (28 वर्ष) पिछले माह 20 अप्रैल को चचेरा भाई दिलीप के साथ बाइक से ग्राम पोड़िपा शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोनों वापस घर लौटने लगे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में विशेन को गंभीर चोट आने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ दिन बाद चिकित्सकों ने घायल की हालत में सुधार आने पर छुट्टी दे दी। गत दिन घायल की पुनः तबीयत खराब हो गई तो परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# यूजी व पीजी के टेस्ट तिथि बढ़ाने की मांग, प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा यूजी व पीजी के छात्रों की इंटरनल टेस्ट की तारीख घोषित किया है। इधर समय सारणी से असंतुष्ट छात्रों ने आजाद सेवा संघ के नेतृत्व में पीजी कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है।

आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा जून परीक्षा के लिए इंटरनल टेस्ट का टाइम-टेबल जारी किया गया। जिसे लेकर छात्र काफी चिंतित है। छात्रों का कहना है कि इस सेमेस्टर का अब तक पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ है यहां तक कि आगामी इंटरनल टेस्ट के लिए उन्हें पर्याप्त समय भी नहीं मिला है जिससे वे सही से टेस्ट परीक्षा दे सकें। छात्रों समस्याओं को लेकर आजाद सेवा संघ के पदाधिकारियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंप मांग किया कि इंटरनल टेस्ट की तैयारी के लिए छात्रों को समय प्रदान किया जाए एवं टेस्ट की तिथि में कुछ दिवस बढ़ाया जाए। जिस पर प्राचार्य द्वारा आश्वासन दिया गया एवं 4-5 दिवस टेस्ट हेतु समय प्रदान किए जाने की बात कही गई। इस दौरान रवि गुप्ता, अमन सिंह, गुरप्रीत सिंह, रानी गुप्ता, अंजली मिश्रा, दीपक यादव, हर्षिनी, दिलीप दास, सत्य प्रकाश यादव सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।



# हास्य दिवस पर महामना मालवीय मिशन की गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



विश्व हास्य दिवस पर महामना मालवीय मिशन द्वारा आध्यात्म एवं हास्य विषय पर गोष्ठी का आयोजन दत्ता कालोनी स्थित राजकुमार गुप्ता के निवास पर किया गया। इस अवसर पर गीता के 18वें अध्याय का पाठ किया गया। मनोविज्ञान के अनुसार प्रसन्नचित्त लोगों के जीवन में उदासीनता और दुख का प्रभाव नहीं पड़ता। आध्यात्म की दृष्टि से व्यक्ति के चेहरे की मुस्कान रोगों का निशान तो मिटाती ही है रोगों की जड़ को भी मिटा डालती है। इसके लिए आध्यात्मिक लोगों की संगत जरूरी है। उक्त बातें राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक देवेन्द्रनाथ दुबे ने कही। श्री देवेन्द्र ने कहा कि हम गृहस्थ आश्रम में है दिनचर्या के कार्यों में व्यस्त रहते हैं पर सप्ताह में एक दिन साकारात्मक तथ्यों पर संवाद के लिए किसी न किसी के घर में इकट्ठा होते हैं जिससे हम सभी को आनंद आता है। शिक्षाविद ब्रह्म शंकर सिंह ने कहा कि जिसने आध्यात्मिक आनंद को अपने अन्तर्मन में ढुंढ लिया समझों उसे परमानंद की प्राप्ति हो गई। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि संतोषी और धैर्यवान व्यक्ति हमेशा प्रसन्नचित रहता है। ललित मोहन तिवारी ने कहा कि मुस्कुराहट थकान दूर करने की अचूक दवा है। नौकरी पेशा से निवृत्त होकर सायंकाल में परिवार के साथ बैठिए मोबाइल टीवी से एक घंटा दूर रहकर परिवार के सदस्यों से बातें किजिए। आप महसूस करेंगे की सिनेमा देखने से ज्यादा आनंद की अनुभूति होती है। मदनमोहन मेहता ने कहा कि हास्य में रहने वाला व्यक्ति हमेंशा तरोताजा रहता है। मुश्किल से मुश्किल कार्य को मुस्कुराते हुए पूरा कर देता है। राज नारायण द्ववेदी ने कहा कि लोक गीतों में हास्य और आध्यात्मिक संवाद छिपा रहता है। इसमें जो रम गया वह ईश्वर की ओर अग्रसर हुआ। रामनारायण शर्मा ने कहा कि जो सुख भोगकाल में आत्मा को मोहित करता है वह निद्रा, आलस्य और प्रमाद से उत्पन्न सुख को तामस कहा गया है। हरिशंकर सिंह ने कहा कि जो सुख विषय और इन्द्रियों के संयोग से होता है वह पहले भोगकाल में अमृत के तुल्य प्रतीत होने पर भी परिणाम विष के तुल्य है। सच्चिदानन्द पाण्डेय ने कहा कि कर्म की महत्ता से व्यक्ति की पहचान बनती है इसलिए ईश्वर का परायण होकर कर्म करना चाहिए।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए जिले में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में यूनिसेफ व युवा साथी फाउंडेशन के सहयोग से जिले में 10 मई अक्षय तृतीया को ध्यान में रखते हुए बाल विवाह रोकथाम जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अक्षय तृतीया के समय में ज्यादातर बाल विवाह पाये जाते है।



जिसके तहत जिले के सभी सार्वजनिक संस्थान एवं शहरी क्षेत्रों में बैनर पोस्टर लगाकर, दीवार लेखन, रंगोली, पेंटिंग, शपथ दिला कर लोगों को बाल विवाह रोकथाम के बारे में जागरूक किया जा रहा है। बाल विवाह कानूनी अपराध है। विवाह के लिए लड़की की आयु 18 वर्ष एवं लड़के का आयु 21 वर्ष होना आवश्यक है। जिले के सभी धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल, व्यापारी वर्ग, सार्वजनिक संस्थान में लोगों को बाल विवाह रोकथाम के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, युवा साथी फाउंडेशन, सीजी वी द पीपल फाउंडेशन, जिला सलाहकार एवं अन्य ग्रामीण भागीदारी निभा रहे हैं।

### ईव्हीएम मशीन स्ट्रांग रूम में सील

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन के लिए सरगुजा अंतर्गत जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आइआरएस गिरीराज दत्त शर्मा, पुलिस प्रेक्षक आईपीएस मुख्तर मोशीन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र पैकरा, एआरओ व अन्य संबंधित अधिकारी की उपस्थिति में प्रेमनगर, भटगांव व प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग कर दिया गया है। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफ़ी भी कराई गई। सुरक्षा जवानो द्वारा स्ट्रांग रूम की निगरानी रखी जाएगी। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सीसीटीवी स्थापित किए गए है।




### चोरों ने घर के सामने से पार किया बाइक, अपराध दर्ज

**सूरजपुर।** ग्राम चम्पकनगर निवासी राजू सिंह आ. धनसाय (28 वर्ष) गांव के रामसागर सिंह के यहां शादी होने पर उसका शादी कार्ड बांटने बाइक क्रमांक सीजी 29 एफ 2380 से गया था। रात लगभग 11 बजे वापस घर आया और घर के सामने खड़ा कर अंदर चला गया। कुछ समय बाद घर से बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।






### कीटनाशक पीने से गंभीर हुए युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** देर रात घर से निकले युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम सागरपुर निवासी कमल मंडल आ. स्व. दिलीप मंडल (26 वर्ष) बीती रात परिजन को बिना बताए ही घर से निकल गया। देर रात जब युवक घर नहीं लौटा तो मां माया मंडल ने घटना की सूचना बडे बेटे मंडल को दी और ढूंढने की बात कही। घटना की जानकारी लगते ही मदन मंडल ससुराल गणेशपुर से घर आया और भाई की खोजबीन की। गांव में खोजबीन के दौरान कमल घर से कुछ दूर नाला के समीप जमीन पर लेटा मिला। भाई के मुंह से कीटनाशक की गंध आने पर मदन ने तत्काल उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।












# आप सभी को भगवान परशुराम जयंती की अग्रिम शुभकामनाएं...

BRIJ HOMEOPATHIC
CLINIC & PRODUCTS



## डॉ.ए.एन द्विवेदी

एम.डी.होम्यो
संभाग के सर्वप्रथम एम.डी.चिकित्सक




## मिलने का समय

सोमवार से शनिवार 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक
संपर्क - 7566602211
अग्रिम पंजीयन आवश्यक

### स्कीन समस्यायें

सफेद दाग, सोरायसिस, चेहरे पर झाइंयों
काले दाग- धब्बे, चेहरे पर मुहांसे, चेहरे पर तिल व मस्से
एलर्जी, दाद, खाज-खुजली आदि

### श्वास संबंधी समस्यायें

पुरानी खांसी, दमा, अस्थमा
सायनस, टी.बी.

### मानसिक समस्याएं

मिर्गी एवं दौरे पड़ना, अकारण गुस्सा करना
नींद न आना, चिड़-चिड़ापन, पागलपन
माइग्रेन, डिप्रेशन

### स्त्रियों की समस्यायें

आकस्मिक माहवारी, अनियमिततायें,
ल्यूकोरिया, स्तन कैंसर, बच्चेदानी की गांठ, सिस्ट
ट्यूमर (रसौली), बॉझपन

### बालों की समस्यायें

गंजापन, बालों में रूसी व डैन्ड्रफ
असमय बालों का गिरना
बालों का सफेद होना।

### बच्चों की समस्याएं

भूख न लगना व कमजोरी, बच्चों में सही विकास
न होना, पढ़ाई में मन न लगना, दांतों का सही
समय पर न निकलना, दस्त, उल्टी आना, पुरानी खांसी



### पुरुषों की समस्यायें

शुक्राणुओं में कमी अथवा ना बनना
हाइड्रोसील, सभी प्रकार
की सेक्स समस्याएं

### अन्य बीमारियां

बवासीर (पाइल्स), गठिया, थायराइड
डायबिटीज, पथरी, पीलिया, टायफाइड
पेट में जलन व गैस बनना, ब्लड प्रेशर



होमियोपैथी द्वारा बिना ऑपरेशन– पथरी, ट्यूमर, बच्चेदानी गांठ, सिस्ट
आदि जटिल बीमारियों का सफल ईलाज

# बृज होम्योपैथिक क्लीनिक

रिंग रोड, काली मंदिर के सामने, चोपड़ापारा, अम्बिकापुर

## खबर संक्षेप



### अक्षय तृतीया पर श्री अखंड हरी नाम संकीर्तन का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** वर्ष 1970 से संचालित अखंड श्री-श्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में इस वर्ष भी रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में 11 मई को प्रातः 6:30 बजे से आरंभ होगा। विश्व कल्याण की मंगल कामना को लेकर अखंड श्री-श्री हरिनाम संकीर्तन समिति के सदस्यों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। अखंड श्री-श्री हरिनाम संकीर्तन की 55 वीं वर्षगांठ के अवसर पर रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में उत्साह पूर्वक मनाई जाएगी। नियत कार्यक्रम के अनुसार 10 मई को रात्रि 9 बजे वैदिक परंपरा के अनुसार अधिवास पूजन होगा। आयोजन के अगले दिन 11 मई शनिवार को प्रातः 6:30 बजे से 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे का संकीर्तन का शुभारंभ होगा। यह संकीर्तन लगातार 72 घंटे तक अखंड रूप से चलेगा, इसके उपरांत 14 मई को प्रातः 6:30 बजे समापन होगा। इसी दिन रात्रि 8:30 बजे महोत्सव एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस अखंड हरिनाम संकीर्तन मंडली तथा परिचालन समिति में श्री-श्री मामा भांजा नित्यानंद संप्रदाय कोलकाता, श्री-श्री सन्यासी मंडल भद्राचार्य संप्रदाय आरागाही, श्री-श्री गौरिया संप्रदाय तातापानी, श्री श्री वासुदेव संप्रदाय पन्ना सतना एवं श्री श्री निताई गौर संप्रदाय बलरामपुर के भक्त विशेष रूप से शामिल होते हैं।

### मतदान की गोपनीयता भंग करने पर युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान की



गोपनीयता भंग करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। युवक द्वारा मतदान उपरान्त अपने दिए गए वोट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने के मामले में युवक को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि सीतापुर थाना अंतर्गत मतदान क्रमांक 196 में मतदाता दिलेश तिग्गा मतदान करने के लिए पहुंचा था। वोटिंग के बाद युवक द्वारा मतदान की गोपनीयता भंग करते हुए अपने ही मतदान का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। इस मामले की शिकायत पीठासीन अधिकारी द्वारा पुलिस से की गई जिसके बाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर उरांवपारा निवासी 26 वर्षीय दिलेश तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है जिसके बाद पुलिस ने युवक को धारा 171 (च) व लोक प्रतिनिधि अधिनियम 130 (1) (क) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर भरत लाल साहू, आरक्षक पंकज देवांगन, धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

## पेज 1 के शेष...

### दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग होने...

जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर मुजीबुर रहमान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पोल्ट्री फॉर्म में काम करता है जिसके मोबाइल में ग्राहक का फोन आता था और ऐसे में पत्नी एक सप्ताह से किसी दूसरी लकड़ी का फोन आने व दूसरी लकड़ी का स्टेटस लगाने की बात कहते हुए उसके चरित्र पर शक करती थी। कुछ दिनों से मृतिका खाना पीना नहीं खा रही थी। ऐसे में दोनों के बीच विवाद हो गया और विवाद के दौरान आरोपी ने रात के समय पत्नी के मुंह व नाक को दुपट्टे से दबा दिया और जब छटपटाकर पत्नी पलंग से नीचे गिरकर चोट लगने से बेहोश हुई तो आरोपी ने गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पुलिस से बचने के लिए लाश को दूसरे कमरे में लेजाकर रख दिया और फिर ससुराल पक्ष को फोन कर झूठी कहानी बताई कि मृतिका के पेट व सीने में दर्द हो रहा था और अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त दुपट्टा जब्त कर आरोपी 31 वर्षीय मुजीबुर रहमान आ. इनायत उल्लाह को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी झिलमिली फरदीनंद कुजूर, एएसआई लवकुश राजवाड़े, पास्कल लकड़ा, प्रधान आरक्षक महेंद्र यादव, चंद्रकांत मंजनी, आरक्षक वसीम राजा, चंद्रदेव मरावी सक्रिय रहे।

### संरक्षित जंगलों में प्रतिबंधित है मानवीय दखल

# जंगल जलने की घटनाओं से नेशनल पार्क एवं अभयारण्य क्षेत्र भी नहीं हैं सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन्य जीवों के लिए बेहद सुरक्षित माने जाने वाले सरगुजा के नेशनल पार्क एवं अभ्यारण्य भी गर्मी के मौसम में जंगल जलने की घटनाओं से अछूते नहीं बचे हैं। मानवीय दखल के लिए प्रतिबंधित इन बेहद सुरक्षित जंगलों में भी लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही है। वन अधिकारी पिछले साल की तुलना में कम घटनाएं होने का हवाला देकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। गर्मी के मौसम में हर साल जंगल जलने की घटनाएं बहुतायत में होती हैं।

**खास बातें**

- आए दिन अभ्यारण्य में लग रही आग
- तैमोर पिंगला अभ्यारण्य में एक महीने में आग लगने की 250 घटनाएं
- वन्य जीवों के लिए बढ़ा खतरा

वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग हर साल चौकीदारों की भी भर्ती करता है लेकिन जंगल जलने की घटनाओं में कमी नहीं आती। जंगल में आग लगने से विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधों के साथ ही वनोंषधियों की विभिन्न किस्में, उनके बीज एवं जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं। इस बार शासन ने इस तरह की घटनाओं पर नाराजगी जताई है तथा वन अधिकारियों को जंगल जलने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए है। शासन के निर्देश के बाद आग से सुरक्षा के लिए वनों को चौकीदारों के भरोसे छोड़ने वाले अधिकारियों को स्वयं जंगल का भ्रमण करना पड़ रहा है। हालाकि शासन के कड़े निर्देश के बावजूद अधिकारी आग से सुरक्षा के लिए अभी भी आवश्यक पहल नहीं कर रहे हैं। हालत यह है कि गुरूघासी दास नेशनल पार्क स्थित रिहन्द रेंज में अब तक जंगल जलने की 30 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। अधिकारियों का कहना है कि नेशनल पार्क क्षेत्र में कई गांव हैं। ग्रामीण महुआ संग्रहण के लिए अप्रैल महीने में पेड़ों के नीचे गिरे सूखे पत्तों को साफ करने के लिए आग लगाते हैं और आग जंगल के बड़े इलाके में फैल जाती है। अधिकारी जंगल में आग लगने की सूचना पर तत्काल उसे बुझाने की पहल करने का भी दावा कर रहे हैं। डिप्टी रेंजर सूर्यकांत सिंह ने बताया कि पार्क क्षेत्र के रिहन्द रेंज में आग लगने की अब तक 30 घटनाए हुई हैं जो पिछले साल की तुलना में काफी कम हैं। सरगुजा संभाग में वन्य जीवों के सुरक्षित रहवास के लिए तमोर पिंगला अभ्यारण्य, सेमरसोत अभ्यारण्य एवं बालदखोल अभ्यारण्य में वन्य जीवों के के अनुकूल सुविधाएं विकसित करने शासन हर साल करोड़ों रूपए खर्च कर रहा है लेकिन आए दिन जंगल जलने की घटनाएं होने के कारण शासन द्वारा विकसित सुविधाएं व्यर्थ हो जा रही हैं। इस बार सेमरसोत अभ्यारण्य एवं बादलखोल अभ्यारण्य में जंगल जलने की घटनाएं कम हुई लेकिन आए दिन आग लगने की घटनाओं से तमोर पिंगला अभ्यारण्य को भारी क्षति हुई है।



**250 बार जला तमोर पिंगला अभ्यारण्य**

अप्रैल के महीने में तमोर पिंगला अभ्यारण्य 250 बार से अधिक जला। जंगल जलने की घटनाओं को लेकर अभ्यारण्य के अधिकारी कितने गंभीर हैं इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जंगल के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ 15 स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुई और अधिकारी तीन दिनों तक आग बुझाने का इंतजार करते रहे। अंत में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे तो कर्मचारियों ने आनन-फानन में आग पर काबू पाया। इस तरह की घटनाएं अभ्यारण्य में निवासरत 65 हाथियों सहित अन्य वन्यजीवों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

**शिकार के लिए लगाते हैं आग**

नेशनल पार्क एवं अभ्यारण्य क्षेत्र में वन्य जीवों का शिकार करने के उद्देश्य से ग्रामीण योजनाबद्ध तरीके से आग लगाते हैं। जानकारों के अनुसार वन्य जीव को घरने के लिए ग्रामीण चारों तरफ सूखे पत्तों में आग लगा देते है। तीन तरफ आग लगाने के बाद एक तरफ का इलाका खुला छोड़ देते हैं। आग एवं धुएं से घबराकर वन्य जीव भागने लगते हैं तथा लम्बा चक्कर लगाने के बाद खुले इलाके से बाहर निकलने की कोशिश करते हैं। उनके घबराकर बाहर निकलते ही मौजूद ग्रामीण उन्हें हथियारों से शिकार बना लेते हैं।

**जैव विविधता को भी नुकसान**

आग लगने से जंगल की जैव विविधता को भारी नुकसान होता है तथा यह पूरी तरह से नष्ट हो जाती है। जले क्षेत्र में पुनः जैव विविधता तैयार होने में वर्षों का समय लग जाता हैं। जंगल जलने से हाथी सहित अन्य वन्य जीवों का चारा सहित विभिन्न प्रजाति के कंदमूल एवं वनौषधियां नष्ट हो जाती हैं। अभ्यारण्य क्षेत्र में मानवीय दखल न्यून होने के कारण जंगल एवं जैव विविधता समृद्ध है। आसपास के क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों से वन अधिकारियों कर्मचारियों का तालमेल नहीं होने एवं नुकसान के संबंध में अवगत नहीं कराने के कारण ग्रामीण भी जंगल की सुरक्षा करने का प्रयास नहीं करते।

**पिछले साल से कम घटनाएं**

इस बार जंगल जलने की घटनाओं में काफी कमी है तथा पिछले साल की तुलना में कम घटनाएं हुई हैं। सेमरसोत अभ्यारण्य एवं बादलखोल अभ्यारण्य में आग लगने की घटनाएं नगण्य हैं लेकिन तैमोर पिंगला अभ्यारण्य में जंगल जलने की लगभग 250 घटनाएं हुई हैं। जंगल को आग से बचाने लगातार ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

-श्रीनिवास तन्नेटी
उप संचालक एलिफेंट रिजर्व



## नक्सल क्षेत्र शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने वाले जवानों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने वाले सुरक्षा जवानों को बलरामपुर पुलिस विभाग द्वारा सम्मानित करने के साथ ही विदाई दी गई। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही उन्हें मिठाई देकर ससम्मान गंतव्य की ओर रवाना किया गया। खास बात यह है कि पुलिस की सक्रियता के कारण बलरामपुर जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुनचुना पुंदाग व सबाग में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ और मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि आई है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सीआरपीएफ, जिला बल, बीएसएफ के जवानों की तैनाती की गई थी। बलरामपुर जिले की बात की जाए तो यहां जिले में 150 ऐसे पोलिंग बूथ थे जिन्हे नक्सल दृष्टि से अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखा गया था। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर जवानों को तैनात करने के साथ ही सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। पहली बार लोकसभा चुनाव में बलरामपुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मतदान दल सड़क मार्ग से रवाना हुए थे। इस दौरान तीन अति नक्सल संवेदनशील मतदान केंद्रों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी गई और एंटी लैंड माइंस व सुरक्षा व्यवस्था के सात जवानों को तैनात किया गया था। पुलिस की सक्रियता के कारण मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। ऐसे में चुनाव संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाने के लिए दीगर जिलों एवं दीगर राज्यों से आए सभी सुरक्षा बलों को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो, मिठाई व पुष्प गुच्छ देकर जिले से ससम्मान किया गया रवाना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान बाहर से आए सुरक्षा बलों को कर्तव्यों का उत्कृष्ट निर्वहन करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। जिले में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए दीगर जिलों महासमुंद, मैनपाट, 12वीं वाहिनी रामानुजगंज, नगर सेना बलरामपुर एवं दीगर राज्यों आसाम, पश्चिम बंगाल, सीआरपीएफ की 3 कंपनी बीएसएफ की एक कंपनी का सुरक्षा बल जिले में आए हुए थे जिन्हें चुनाव संपन्न होने के बाद मोमेंटो प्रशस्ति पत्र पुष्प भुज एवं मिठाई देकर ससम्मान जिले से रवाना किया गया।


- सीआरपीएफ, बीएसएफ जवानों को प्रशस्ति पत्र व मिठाई के साथ किया गया रवाना

## विशाल सूखा आम पेड़ लोगों के लिए बना खतरा, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मुख्य गेट पर लंबे समय से सूखे विशालकाय आम का पेड़ अब लोगों के लिए काफी खतरनाक हो गया है। बड़ी बात यह है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंदर ही इस सूखे हुए पेड़ के ठीक नीचे छोटे बच्चों का दो शासकीय स्कूल भी संचालित है। जबकि पेड़ के ठीक नीचे मध्यान भोजन भी बच्चों को परोसा जाता है। ऐसे में पेड़ गिरने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गेट के पास लंबे समय से सूखे विशाल आम पेड़ है जिस पर अब तक शासन प्रशासन की नजर नहीं पड़ी जो किसी बड़े हादसों को न्यौता दे सकती है। गर्मी के दिनों में तेज रफ्तार से चलने वाले आंधी तूफान के कारण कई बार तो पेड़ के टहनी टूटकर नीचे गिरी है जिससे तीन फेस विद्युत तार में शार्ट सर्किट होने से कई बार आग की लपटे भी निकलते देखी गई। घटना की सूचना विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित विद्युत विभाग को दी गई परंतु विशाल सूखे पेड़ को हटाने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। जबकि यह जगह भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में एक है। ऐसे में सूखे विशाल आम पेड़ अब लोगों के लिए खतरनाक बन गया है। बड़ी बात यह है की स्कूली बच्चों सहित नगर पंचायत द्वारा बनाए गए पानी टंकी व विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मुख्य गेट पर विशाल काय सूखे हुए पेड़ के गिरने से जान माल की हानि हो सकती है। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएस ध्रुव ने बताया कि जल्द ही सूखे हुए पेड़ को काटकर व्यवस्थित कराया जाएगा जिससे किसी प्रकार का हादसा न हो।



## पांच दिनों से को-ऑपरेटिव बैंक का लिंक फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

क्षेत्र में एकमात्र जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में पिछले पांच दिनों से किसानों को अपने खाता में जमा राशि को निकालने के लिए लगातार इंतजार करना पड़ रहा है। राशि के इंतजार में पूरे दिन लाइन में खड़े रहने के बाद शाम को उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। लंबे समय तक नगदी संकट से जूझने के बाद पिछले पांच दिनों से बैंक लिंक फेल होने के कारण किसानों को उनके खाते में जमा राशि नहीं मिल रही है। शासन द्वारा किसानों के धान की कीमत उनके खाते में जमा कर दी गई है।

- राशि के लिए पूरे दिन धूप में खड़े रहने के बाद निरशान लौट रहे किसान


शादी विवाह अन्य आवश्यकताओं के लिए खाते में जमा राशि निकालने हर दिन किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कुछ दिनों पूर्व तक पर्याप्त नगदी उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को राशि के लिए बार-बार बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा था। अब बैंक का लिंक फेल होने के कारण किसानों एवं अन्य खाता धारकों को राशि नहीं मिल रही है। पहली बार 3 मई को किसान राशि के लिए बैंक पहुंचे तो कर्मचारियों ने लिंक फेल होने का हवाला देकर इंतजार करने को कहा। शाम तक लिंक बहाल नहीं हुआ तो किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। पांच दिन का समय गुजरने के बावजूद लिंक में सुधार नहीं हुआ है जिसके कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लिंक कभी भी बहाल होने के आश्वासन पर किसान चिलचिलाती धूप में पूरे दिन लाइन में खड़े होने के बाद शाम में नाराजगी जाहिर कर निराश होकर घर लौट जाते है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक विजय श्रीवास्तव ने बताया कि 3 मई से आज तक बैंक का लिंक फेल होने के कारण लेनदेन प्रभावित है। इस संबंध में प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है लेकिन स्थिति यथावत है।




## पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा व पण्डो समाज के लोगों ने मतदान में दिखाई सक्रियता

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संसदीय क्षेत्र निर्वाचन में बेहद पिछड़ी एवं संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति समाज के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा सक्रियता पूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग किया है। मतदान को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया वहीं शहरी क्षेत्र के लोग मतदान को लेकर उदासीन रहे। मंगलवार को तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं के अलग रंग देखने को मिले। इसे प्रशासन के जागरूकता अभियान का असर माने या लोगों की देश के प्रति चिंता। अब तक चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने के नाम पर खानापूर्ति करने विशेष संरक्षित एवं पिछड़ी पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो समाज के लोगों ने भारी उत्साह के मतदान किया। जंगल एवं पहाड़ी पर निवासरत समाज के लोग कष्ट साध्य सफर तय कर निर्धारित समय पर मतदान केन्द्र पहुंचे एवं उत्साह के साथ्ज्ञ अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। इस दौरान मतदान केन्द्रों में सुबह से लेकर शाम तक मतदान केन्द्रों में अपने मताधिकार का उपयोग करने ग्रामीण लाइन में खड़े रहे। अपने मताधिकार के उपयोग को लेकर महिलाओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। इसके विपरीत संभाग मुख्यालय के मतदान केन्द्रों में 9.30 बजे बाद शाम तक मायूसी छाई रही। सुबह मतदान शुरू होने के पूर्व ही मतदान करने लोग लाइन में खड़े हो गए थे। शहर के मतदान खाली रहे तथा मतदाता लाइन में खड़े हुए बिना पूरे दिन अपने मताधिकार का उपयोग करते रहे। इस बार मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने को लेकर प्रशासन लगातार अभियान चलाता रहा। अभियान में समाज के विभिन्न वर्गो एवं सामाजिक संगठनों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कलेक्टर श्री भोस्कर भी स्वयं लगातार लोगों को जागरूक करते रहे। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर सरगुजा छत्तीसगढ़ में अव्वल स्थान पर है। पिछले साल की तुलना में इस बार मतदान प्रतिशत में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बार सरगुजा में 79.89 फीसदी की भारी मतदान होने के कारण ऊंट किस करवट बैठेगा इसका अनुमान लगाना मुश्किल हो गया है।








## बैकुंठपुर विधानसभा में 80.16 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 के अंतर्गत 228 मतदान केन्द्रों में पुरुष मतदाताओं की संख्या 85 हजार 132 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 639 एवं तृतीय लिंग मतदाता 6 है।

इस तरह कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 70 हजार 777 है। मिली जानकारी के अनुसार शाम 7 बजे तक 81.41 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मतदान किए, वहीं 78.93 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किए हैं। इस तरह अब तक 80.16 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं विधानसभा सोनहत (आंशिक) में 78 मतदान केन्द्रों में पुरुष मतदाता 18 हजार 231 तथा महिला मतदाता 18 हजार 321 पंजीकृत थे। इनमें से 15 हजार 945 पुरुष मतदाता तथा 15 हजार 934 महिला मतदाताओं ने मतदान किए। इस तरह अनंतिम ऑकड़े के अनुसार 87 प्रतिशत मतदान हुए हैं।







